कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांक - परीक्षा/गोपनीय/2019/9017, दिनांक - 20 फरवरी, 2019

प्रेस विज्ञप्ति/सूचना

कुमाऊँ विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2019 की बी0 एड0/एम0 एड0 प्रवेश परीक्षा हेतु परीक्षा के आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वैबसाईट kunainital.ac.in के माध्यम से ऑनलाईन आमन्त्रित किये जा रहे हैं। विश्वविद्यालय की वैबसाईट में पंजीकरण करने के उपरान्त विद्यार्थी को परीक्षा शुल्क जमा करना होगा। परीक्षा हेतु शुल्क रू0 1,250.00 (**बैंक चार्ज यदि हों तो पृथक से देय होंगे**) ऑनलाईन पोर्टल में क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नैट बैंकिंग, बैंक चालान (केवल एच0 डी0 एफ0 सी0 बैंक की शाखा में देय) तथा NEFT/RTGS (किसी भी बैंक की शाखा जहाँ उक्त सुविधा उपलब्ध हो) के माध्यम से दिनांक 20 फरवरी, 2019 से 16 मार्च, 2019 तक ही जमा किया जा सकता है। क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड अथवा नैट बैंकिंग के माध्यम से शुल्क जमा किये जाने की स्थिति में विद्यार्थी तुरन्त ही परीक्षा आवेदन पत्र का द्वितीय भाग ऑनलाईन भर सकेगा। बैंक शाखा में शुल्क जमा किये जाने की स्थिति में विद्यार्थी आवेदन पत्र के द्वितीय भाग को 24 घन्टों के उपरान्त ही ऑनलाईन भर सकेगा।

अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे **परीक्षा आवेदन शुल्क जमा करने से पूर्व वैबसाईट में दिये गये नियमों व शर्तों का भँली-भाँति अध्ययन कर यह सुनिश्चित कर लें कि वे बी0 एड0 अथवा एम0 एड0 प्रवेश परीक्षा हेतु अर्ह हैं।** यदि अर्हता पूर्ण न किये जाने की स्थिति में परीक्षा शुल्क जमा किया जाता है तो उक्त शुल्क किसी भी दशा में वापस किया जाना सम्भव नहीं होगा। **अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र ऑनलाईन वैबसाईट के माध्यम से ही डाउनलोड करने होंगे। डाक या अन्य किसी माध्यम से प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे।**

ऑनलाईन आवेदन पत्र के द्वितीय भाग को भरने की अन्तिम तिथि दिनांक 18 मार्च, 2019 निर्धारित की गयी है। **किसी भी दशा में दिनांक 16 मार्च, 2019 के उपरान्त परीक्षा शुल्क जमा किया जाना सम्भव नहीं होगा तथा दिनांक 18 मार्च, 2019 (रात्रि 11:59 बजे) के उपरान्त आवेदन पत्र के द्वितीय भाग को भरना सम्भव नहीं होगा।** विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय के पोर्टल kunainital.ac.in से प्राप्त की जा सकती है।

परीक्षा नियन्त्रक

पृष्ठांकन सं0 - परीक्षा/गोपनीय/2019/9017, तद्दिनांक

प्रतिलिपि- निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में छात्रहित एवं जनहित में समाचार के रूप में दिनांक - 21 फरवरी, 2019 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें -

1. दैनिक जागरण, नैनीताल।
2. अमर उजाला, नैनीताल।
3. दैनिक आज, नैनीताल।
4. राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।
5. उत्तर उजाला, नैनीताल।
6. शाह टाइम्स, नैनीताल।
7. हिन्दुस्तान, नैनीताल।
8. उत्तरांचल दीप।
9. न्यूज प्रिन्ट, नैनीताल।
10. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

परीक्षा नियन्त्रक